आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 16.03.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- चुनाव आयोग आज लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा।
- आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए द्वीपों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने के उपाय किए गए हैं।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने जिले के मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया है।
- आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश में सोशल मीडिया एक्ज़ीक्यूटिव के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं।
- भारतीय विमानन प्राधिकरण समावेशी विकास के लिए अवसर योजना का क्रियान्वयन कर रहा है।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग आज लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आज दोपहर चुनाव तिथियों की घोषणा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित किया जाएगा। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष सोलह जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष दो हजार उन्नीस में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा दस मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने देश की पांच सौ तैंतालीस संसदीय सीटों में से तीन सौ तीन सीटें जीतकर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार पार्टी का लक्ष्य तीन सौ सत्तर सीटें जीतने का है। अब तक भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए दो सौ सड़सठ उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने बयासी उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं। वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने भी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए द्वीपों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने के उपाय किए गए हैं।

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने चुनाव तैयारियों तथा कानून और व्यवस्था बंदोबस्त की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई। चुनाव के मद्देनजर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की द्वीपों के विभिन्न महत्वपूर्ण पुलिस थानों पर तैनाती की योजना बनाई गई है। स्थानीय पुलिस और केन्द्रीय सशस्त्र बल के जवानों द्वारा पूरी चुनावी प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए तथा किसी भी गड़बड़ी से निपटने के लिए कदम उठाए जाएंगे। तीनों ज़िले के पुलिस अधीक्षकों को इस दिशा में निर्देश दिया जा चुका है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने को कहा गया है। हाल ही में द्वीपों के विभिन्न क्षेत्रों में आरंभिक गश्त का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा पुलिस बल के कौशल विकास के लिए भी कदम उठाए गए और इनके लिए प्रशिक्षण भी आयोजित किए जा रहे हैं। आम जनता से भी अनुरोध किया गया है कि वे असामाजिक गतिविधियों के बारे में पुलिस को फोन पर जानकारी दे।

<><><><><><><>

इस बीच निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा और जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने अन्य अधिकारियों के साथ जिले के संवेदनशील मतदान केन्द्रों का दौरा कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। दौरे के दौरान निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित सेक्टर अधिकारियों और बी एल ओ से समय पर सारे बन्दोबस्त करने को कहा।

<><><><><><><>

श्री दिलखुश मीणा ने मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त का कार्यभार संभाल लिया है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में ज़िले में अधिक से अधिक लोगों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उनसे अपील की। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों और ठेकेदारों को बुलाकर उनसे बातचीत की तथा उन्हें सड़क निर्माण के कार्य मे और तेजी लाने को कहा। उन्होंने ज़िले में राजस्व से जुड़े मामले और ई–गवर्नेंस का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने पर जोर दिया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश में सोशल मीडिया एक्ज़ीक्यूटिव के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। शुरूआत में तीन महीने के लिए होने वाली नियुक्ति के लिए उम्मीदवार का बारहवीं पास होने के साथ हिन्दी और अंग्रेजी में पकड़ भी होनी चाहिए। इसके अलावा उन्हें इंटरनेट, अपलोडिंग, डाउनलोडिंग तथा सोशल मीडिया को संचालित करने के लिए कम्प्यूटर आधारित कौशल का भी होना अनिवार्य है। अट्ठारह से चालीस वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। ग्राफिक डिजाइनिंग का ज्ञान रखने वाले स्नातक भी आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। उम्मीदवारों को एन ई एफ टी या ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से प्रसार भारती बी सी आई, ए आई आर, पोर्ट ब्लेयर की खाता संख्या एक शून्य छः शून्य पांच शून्य सात सात नौ एक छः पर दो सौ रूपये का शुल्क जमा करना होगा। ये शुल्क भारतीय स्टेट बैंक की मोहनपुरा शाखा में जमा किया सकता है। अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए पचास रूपये शुल्क रखा गया है। इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज में दस्तावेजों की स्व सत्यापित कॉपी के साथ शुल्क अदायगी का विवरण सहित अपना आवेदन आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश के प्रभारी के पते पर बाईस मार्च तक दे सकते हैं।

<><><><><><><>

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पार्टी के राज्य रोकड़िया ए एन मानिकम ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तिफा दे दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी और पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रत्याशी तथा पूर्व सांसद विष्णु पद रे ने भाजपा में उनका स्वागत किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य खेल परिषद में अनुबंध के आधार पर कोचेस की नियुक्ति के लिए योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। कुल अटठारह पदों के लिए ग्यारह उम्मीदवार योग्य पाए गए है।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने के सिलसिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से आज पोर्ट ब्लेयर के आई टी एफ मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया गया है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

<><><><><><><>

भारतीय विमानन प्राधिकरण के हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव ने कहा कि प्राधिकरण अपने दायित्वों को अच्छी तरह समझता है और उसका बखूबी पालन भी कर रहा है। उन्होने कहा कि समावेशी विकास के लिए हम अवसर योजना को लागू कर रहे हैं। इसके तहत स्वयं सहायता समूह को हवाई अड्डे के भीतर अपने उत्पादों की बिक्री करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

श्री देवेन्दर यादव से की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते है। इसे आज शाम साढ़े छः बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद भवन का नामकरण किया गया है और इसे अटल भवन का नाम दिया गया है। परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह आज दिन में साढ़े बारह बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में इस नए भवन का नामकरण के साथ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

भारतीय विमानन प्राधिकरण ने वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को श्रेणी तीन से श्रेणी दो में अपग्रेड किया है। हवाई अड्डे में आई एल एस अटठारह अप्रैल से शुरू हो जाएगी– द डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। द्वीप समाचार ने इस खबर के अलावा श्री ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधु के चुनाव आयुक्त का पदभार संभाले जाने के समाचार को प्रमुखता दी है। महिला को सशक्त करने के लिए मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस की ओर से महिला मंच कार्यक्रम की शुरूआत करने के समाचार को– अंडमान क्रोनिकल ने पहले पन्ने में प्रमुखता दी है।

महाराष्ट्र के वन मंत्री की पर्यटक हितधारकों से द्वीपसमूह में मुलाकात करने के समाचार को– द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। मंत्री के मत्स्य पालन हितधारकों से मुलाकात करने के समाचार को– इंफो इंडिया ने पहले पन्ने के ऊपरी भाग में जगह दी है जबकि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए द्वीपसमूह में विभिन्न स्तर पर अधिकारियों की बैठक आयोजित होने के समाचार को– द इको ऑफ इंडिया ने अन्दर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**